Title: Need to review Crop Insurance Scheme particularly in Maharashtra.

श्री उत्तमराव पाटील (यवतमाल) : महोदय, मैं "फसल बीमा योजना" के अन्तर्गत आने वाली त्रुटियों के बारे में सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। फसल बीमा योजना के अन्तर्गत सरकार किसानों से बीमे की किश्त वसूल लेती है, लेकिन उसका लाभ किसान को नहीं दिया जाता है।

आज महाराट्र राज्य में राज्य सरकार ने अकाल (सूखा) घोति किया है व किसानों को हर तरह की हर संभव सहायता भी दे रही है लेकिन वहीं किसान और वहीं गांव इस योजना के अन्तर्गत इसका लाभ नही उठा पा रहे हैं। कारण इस योजना का किसानों को लाभ देने हेतु आंकी गई आकलन पद्धति भी त्रुटिपूर्ण है।

अत: इस योजना को अनिवार्य की बजाय एच्छिक किया जाये और आक्कलन पद्धति मे परिवर्तन किया जाये ताकि किसान इसका लाभ उठा सके।